मेरा सर्वेश्वर मेरा है श्याम

मेरा सर्वेश्वर मेरा है श्याम,
श्याम सिवा ना दूजा नाम,
बड़ा दिलवाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

ये निगाहें तेरी,
करुणा से भरी है भारी,
शोभा तेरी मोहे,
हे श्याम ओ मेरे बिहारी,
लगता मुझे बाबा मेरा,
बड़ा भोला भाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

थक के जब भी हारा,
बाबा तू ही बना है सहारा,
माथा टेका दर पे,
हर संकट से तूने उबारा,
हर सुख में हर दुःख में,
मेरा रखवाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

मन थके या तन ये,
पग पग पे तू रहता है संग में,
क्या करूँगा धन का,
जब तू है मेरे जीवन में,
जब भी घिरा मुश्किल में,
मुझको संभाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

तेरे नाम का सहारा,
जिसने भी ओ बाबा है पाया,
उसको तूने नवाजा,
उसको ही तो दर पे बुलाया,
'चंपा' पर किरपा तेरी,
तुझसे उजाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

मेरा सर्वेश्वर मेरा है श्याम,
श्याम सिवा ना दूजा नाम,
बड़ा दिलवाला है खाटूवाला मेरा,
हारे का सहारा है खाटूवाला मेरा।।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24898/title/mera-sarweshwar-mera-hai-shyam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |